हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, सोमवार, 8 दिसंबर 2025

11 ऑपरेशन 'जीवन ज्योति': नशा मुक्ति टीम ने चलाया अभियान



12 सफाईकर्मियों ने किया प्रदर्शन बोले-दो माह से नहीं मिला वेतन



## खबर संक्षेप

### कार ने पैदल जा रहे युवक में मारी टक्कर

**फतेहाबाद।** बीघड़ रोड पर एक तेजगति कार ने पैदल जा रहे युवक में टक्कर दे मारी। हादसे के बाद कार एक खंबे से जा टकराई। आरोप है कि हादसे के समय कार चालक नशे में धुत्त था। हादसे में युवक की हड्डियां टूट गई और उसे शहर के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस को दी शिकायत में डीसी कालोनी, नजदीक परशुराम पार्क फतेहाबाद निवासी अमनदीप ने कहा है कि वह डीएसपी रोड पर बाईक रिपेयरिंग का काम करता है। गत दिवस रात को अपने दोस्त से पैसे लेकर पैदल वापस आ रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही एक कार ने उसे टक्कर मार दी।

### सुनार पर जेवर बनाने में धोखाधड़ी का आरोप

**टोहाना।** टोहाना में एक सुनार पर सोने के जेवर बनाने में धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। इस मामले में पीड़ित ने सुनार पर लाखों रुपये के जेवर न लौटाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में टोहाना पुलिस ने धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में जींद जिले के गांव खरड़वाल निवासी धर्मबीर सिंह ने कहा है कि उसने अपने बच्चों की शादी में वर्ष 2011, 2012 और 2017 में बलवान सिंह सुनार निवासी खरड़वाल हाल टोहाना से सोने के जेवर बनवाए थे।

### गोरखपुर में खेल मेला 13 व 14 दिसंबर को

**फतेहाबाद।** जिले के गांव गोरखपुर में 13 और 14 दिसंबर को खेल मेला आयोजित किया जाएगा। इस दौरान कबड्डी प्रतियोगिता होगी। शहीद-ए-आजम भगतसिंह की यादगार में यह खेल प्रतियोगिता होगी। इसमें लडक़े व लड़कियों के मुकाबले होंगे। इसमें विजेता टीम को 1 लाख 21 हजार रुपए का इनाम मिलेगा। 13 दिसंबर को लड़कियों के नेशनल स्टाइल कबड्डी मुकाबले, जबकि लडक़ों के 57 किलोग्राम वर्ग के कबड्डी मुकाबले होंगे। 14 दिसंबर को लड़कों के ओपन सर्कल कबड्डी के हैवीवेट मुकाबले होंगे।

### हेरोइन तस्करी में मुख्य सप्लायर गिरफ्तार

**टोहाना।** हेरोइन तस्करी के मामले में कार्रवाई करते हुए टोहाना पुलिस ने फरार चल रहे मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान किशन उर्फ विशाल पुत्र देवराज निवासी वार्ड 11, किला मोहल्ला, टोहाना के रूप में हुई है। इससे पहले इसी मामले में दो अन्य आरोपियों, ईश्वर सिंह पुत्र मेजर सिंह और बिट्टू सिंह पुत्र मलकीत सिंह निवासी मनियाना को गिरफ्तार किया गया था। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि 4 दिसंबर को उप निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में टीम डमकोरा रोड, लकड़ मार्किट और राजनगर-बलियाला रोड क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान कार्रवाई की।

## पानी-सीवरेज कनेक्शन लेने वालों को राहत विभाग ने शुल्क में की 6 हजार तक की कटौती

पहले पानी कनेक्शन के 7900 व आरसीसी रोड कट के साढ़े 13 हजार रुपये वसूलता था जनस्वास्थ्य विभाग

### ताजा सर्वे में शहर में पानी के करीब ढाई हजार अवैध कनेक्शन सामने आए

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

घरेलू पानी और सीवरेज कनेक्शन लेने के शुल्क में कटौती से उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिली है। जनस्वास्थ्य विभाग ने दो साल पहले बढ़ाई गई फीस में सुधार करते हुए राशि 6 हजार रुपये तक घटाई है। पहले इंटरलॉकिंग सड़क पर कनेक्शन के लिए 7900 रुपये वसूल होते थे, जबकि आरसीसी सड़क पर यह राशि करीब साढ़े 13 हजार रुपये तक पहुंच जाती थी। नई दरें लागू होने के बाद घरेलू उपभोक्ताओं का आर्थिक बोझ कम होगा। राहत देने के बाद विभाग अब शहर में बढ़ते अवैध कनेक्शनों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

#### नोटिस जारी करने की प्रक्रिया शुरू

ताजा सर्वे में केबल शहर में पानी के करीब ढाई हजार अवैध कनेक्शन सामने आए हैं। विभाग ने ऐसे उपभोक्ताओं को नोटिस भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। नोटिस मिलने के बाद उपभोक्ताओं को अपने कनेक्शन वैध करवाने का अवसर दिया जाएगा। अगर निर्धारित अवधि में प्रक्रिया पूरी नहीं हुई तो अगले माह से कार्रवाई चल सकती है, जिसके तहत इन्हे हटाया जाएगा। वहीं कॉमर्शियल कनेक्शन की श्रेणी में किसी प्रकार की छूट नहीं दी गई है। इसमें पहले जैसी ही 12 हजार 500 रुपये की फीस लागू रहेगी। नई दरों की घोषणा के बाद योजना पोर्टल पर अब तक 15 फाइलें अपलोड हो चुकी हैं, जिनकी कार्रवाई आगे बढ़ाई जा रही है।






फतेहाबाद। पानी के अवैध कनैक्शन काटते विभाग के कर्मचारी।

#### 1500 में होगा कनेक्शन

जनस्वास्थ्य विभाग ने रोड कट के लिए पानी कनेक्शन के लिए एक हजार रुपये और सीवरेज कनेक्शन के लिए 500 रुपये फीस रखी है। इसके अलावा 50 रुपये मीटर की फीस होगी। जनस्वास्थ्य विभाग पानी बिल 60 रुपये और बिना मीटर पर 120 रुपये हर माह वसूलता है, जबकि कॉमर्शियल कनेक्शन पर पानी बिल 125 रुपये और 1250 रुपये हर माह लिया जाता है। घरेलू पानी के कनेक्शन के लिए अब सिर्फ साढ़े 15 सौ रुपये ही देने होंगे। जिन्होंने अभी तक कनेक्शन वैध नहीं करवाया है यह इन्हें करवा लें। विभाग इन कनेक्शनों को काटने की कार्रवाई करेगा।

**-सतपाल रोज**, एसडीओ, जनस्वास्थ्य विभाग

#### शहर में पानी के साढ़े 17 हजार कनेक्शन

शहर फतेहाबाद में पानी के फिलहाल 17,846 और सीवरेज के 14,956 कनेक्शन पंजीकृत हैं। सर्वे के मुताबिक शहर में करीब ढाई हजार पेयजल कनेक्शन अवैध रूप से चल रहे हैं। विभाग की तरफ से गर्मियों में अभियान शुरू किया था लेकिन विरोध के चलते इसे बंद कर दिया गया था। अब फिर से विभाग अवैध कनेक्शन पर नजर रखे हुए हैं।

## दो दिन स्वास्थ्य सेवाएं रहेंगी ठप, मरीजों को परेशानी

## सरकारी अस्पतालों में आज से हड़ताल पर रहेंगे चिकित्सक

एसीपी अपग्रेडेशन को लेकर सरकार और डॉक्टरों में सहमति नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

सरकारी अस्पतालों के चिकित्सक आज से अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर जा रहे हैं। दो दिन तक चिकित्सकों की हड़ताल के कारण सरकारी अस्पतालों में कामकाज पूरी तरह ठप्प रहेगा। इस दौरान सरकारी अस्पतालों, स्वास्थ्य केन्द्रों और उपस्वास्थ्य केन्द्रों में ओपीडी बंद रहेगी। यहां तक कि इमरजेंसी में भी चिकित्सक ड्यूटी पर नहीं आएंगे। चिकित्सकों की यूनियन का कहना है कि इस दिन पोस्टमार्टम भी नहीं किया जाएगा। बता दें कि हरियाणा के डाक्टरों को पूरे करियर में तीन एसीपी मिलती है। एसोसिएशन तीन पर ही राजी है, मगर वह इस पर अपग्रेडेशन चाहते हैं। दस साल पर उन्हें अभी 7600 ग्रेड पे मिलता है जबकि उनकी मांग 8 हजार की है। तीसरे ग्रेड पे पर 8700 मिलते हैं, एसोसिएशन की मांग 9500 रुपये की है। इस पर फिलहाल सहमति नहीं बन पाई है। आज होने वाली डाक्टरों के हड़ताल से मरीजों को सरकारी अस्पतालों में परेशानी न हो, इसके लिए स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. कुलदीप सिंह ने सभी जिला अस्पतालों को निर्देश दिए हैं कि वह आपरेशन के लिए बाहर से स्पेशलिस्ट डॉक्टर हायर करें, इसका खर्च स्वास्थ्य विभाग वहन करेगा। सोमवार व मंगलवार को हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज के आह्वान पर होने वाली इस हड़ताल के कारण जिलेभर के स्वास्थ्य केंद्रों में सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। नागरिक अस्पताल में 6 से 7 विशेषज्ञों की ओपीडी है। हालांकि बाल रोग और महिला रोग विशेषज्ञ की ओपीडी जारी रह सकती है। वजह यह है कि यहां पर एनएचएम के तहत विशेषज्ञ तैनात हैं। इसके अलावा नेत्र रोग, ईनएटी, मनोरोग, हड्डी रोग, सर्जन, चर्म रोग विशेषज्ञों की ओपीडी बंद रह सकती है। डॉक्टरों ने आरोप लगाया कि सरकार पिछले एक वर्ष से कई वादे कर रही है, लेकिन उनमें से कोई भी पूरा नहीं हुआ। बैठक में सदस्यों ने सरकार की असंवेदनशील और लापरवाह कार्यशैली की कड़ी आलोचना की। डॉक्टरों के अनुसार, पिछले वर्ष सरकार ने आश्वासन दिया था कि डायरेक्ट एसएमओ भर्ती बंद की जाएगी और एसएमओ पद केवल प्रमोशन से ही भरे जाएंगे।




#### एसएमओं के पद पर सीधी भर्ती का विरोध

सरकार एसएमओं के पद पर सीधी भती कर रही है। इसका विरोध जारी है और 8 व 9 दिसंबर को चिकित्सक पूरी तरह से हड़ताल पर रहेंगे। चिकित्सक इमरजेंसी वार्ड भी में ड्यूटी नहीं करेंगे।

**-डॉ. भरत सहारण**, जिला प्रधान

#### आपातकालीन सेवाएं प्रभावित नहीं होने दी जाएगी

जिले के नागरिक अस्पताल, सब नागरिक अस्पताल, सामुद्दायिक स्वास्थ्य केन्द्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के अलावा सब सैंटरों से सूची मांगी गई है। इनके यहां कितने चिकित्सक हड़ताल पर जा सकते हैं। आपातकालीन सेवाओं को प्रभावित नहीं होने दिया जाएगा।

**-डॉ. बुधराम**, सिविल सर्जन फतेहाबाद

## हेरोइन व ड्रग मनी सहित तीन काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

पुलिस ने सिरसा जिले क्षेत्र से तीन नशा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लाखों रुपये की हेरोइन बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 31 हजार रुपये की ड्रग मनी व 26 ग्राम हेरोइन भी बरामद की है। सिरसा के पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने रविवार को बताया कि एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस टीम ने रानियां चुंगी सिरसा क्षेत्र से दो युवकों के कब्जे से 20 ग्राम 68 मिलीग्राम हेरोइन व 31200 रुपये ड्रग राशि सहित काबू किया है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान शहर सिरसा से होते हुए रानियां चुंगी की तरफ जा रही थी। इसी दौरान कार्रवाई की गई।



सिरसा। हेरोइन सहित पकड़े गए आरोपी। *फोटो: हरिभूमि*

#### अन्य मामला

इसके अलावा पुलिस ने गांव चोरमार क्षेत्र से एक युवक को करीब 6 ग्राम हेरोइन सहित पकड़ा है। आरोपी की पहचान मक्खन सिंह निवासी चोरमार जिला सिरसा के रूप में हुई है। ओढां प्रबंधक आनंद कुमार ने बताया कि एएसआई जयवीर सिंह पुलिस टीम के साथ गस्त पर गांव चोरमार रोड पर नाकाबंदी कर वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान कार्रवाई की गई।

## मीट मार्किट में युवक से नकदी छीनने का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

शहर की मीट मार्किट में एक युवक से नकदी छीनने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना बस अड्डा फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक की पहचान विशाल उर्फ टुंडा पुत्र रामचंद्र, निवासी कबीर बस्ती, फतेहाबाद के रूप में हुई है। बस अड्डा चौकी प्रभारी पीएसआई सुमित ने बताया कि शिकायतकर्ता सर्जन पुत्र जेठन मांझी निवासी गांव घोड़ा घाट, जिला गया, बिहार हाल झुग्गी हुड्डा सेक्टर 3, फतेहाबाद ने पुलिस को बताया कि 6 दिसंबर शाम को वह मीट मार्किट फतेहाबाद में मीट लेने गया था। इस दौरान आरोपी विशाल उर्फ टुंडा ने उसके हाथ से 2 हजार रुपये झपट लिए। और मुख्य रोड की तरफ भाग गया।



नकदी छीनने के मामले में गिरफ्तार टुंडा।

### नशीली दवाइयों का जखीरा बरामद

**सिरसा।** पुलिस ने ऑपरेशन हॉट स्पॉट डोमिनेशन अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए सिरसा जिले के गांव संतनगर में एक मकान में छापा मार कर नशे में प्रयुक्त होने वाली नशीली गोलियों व कैप्सूलों का जखीरा बरामद किया है। पुलिस ने मौके से एक युवक को भी गिरफ्तार किया है। सिरसा के एसपी दीपक सहारण ने रविवार को बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि गांव संतनगर में एक व्यक्ति नशे में प्रयुक्त होने वाली गोलियां बेचने का धंधा करता है। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी शमशेर सिंह व ड्रग इंस्पेक्टर सुनील कुमार ने संयुक्त रूप से छापा मार कार्रवाई की।

## आईटीआई में 12 दिसंबर को लगेगा रोजगार मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा के तत्वावधान में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) सिरसा में 12 दिसंबर को मेगा जॉब फेयर 2025 आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिरिक्त उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत तथा अतिरिक्त निदेशक संजीव शर्मा करेंगे। जिले के युवाओं को उद्योगों से सीधे जोडऩे और कौशल आधारित रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस मेले में हरियाणा की कई प्रतिष्ठित कंपनियाँ भाग ले रही हैं। आईटीआई पास युवक-युवतियां इस जॉब फेयर में हिस्सा ले सकेंगे। चयन के लिए विभिन्न क्षेत्रों की कंपनियां आएंगी, जिनमें प्रमुख रूप से सोलर एनर्जी, इलेक्ट्रिकल सेक्टर/ग्रुप कंपनियां, मैकेनिकल तथा ऑटोमोबाइल क्षेत्र की कंपनियां शामिल हैं।

## समधी ने केवल 5 फलदार पौधे किए स्वीकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

- जांडली खुर्द में दहेजमुक्त शादी की मिसाल

जिले का गांव जांडली खुर्द इन दिनों पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है, जहां बिना दहेज के एक आदर्श शादी समारोह ने समाज को नई दिशा देने का काम किया है। गांव में आयोजित इस विवाह कार्यक्रम ने साबित कर दिया कि बेटी कभी बोझ नहीं होती और दहेज प्रथा एक सामाजिक बुराई है जिसे समाप्त करना अत्यंत आवश्यक है। मिली जानकारी के अनुसार गांव जांडली खुर्द निवासी चन्द्र देवी ने अपनी दो पुत्रियों मनीषा और सोनिया का विवाह बड़े सम्मान और खुशी के साथ संपन्न कराया। परिवार विशेषकर रमेश पूनियां, प्रमीला देवी और अन्य परिजनों ने पूरे रीति-रिवाजों से बारात का स्वागत किया। बारात गांव मसूदपुर जिला हिसार से आई, जहां से रोडवेज कर्मचारी नेता शिव कुमार श्योराण अपने पुत्रों नवीन और स्वीन की शादी के लिए बारात लेकर पहुंचे। विदाई के समय का दृश्य पूरे गांव को भावुक कर गया।



**फतेहाबाद।** जांडली खुर्द में शादी में 5 पौधों का दान स्वीकार करते वर पक्ष के लोग।

## बिना दहेज दो शादियां बनी प्रेरणादायक मिसाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भूना

दहेज जैसी सामाजिक कुरीति के खिलाफ हसंगा गांव में शनिवार को अनोखी मिसाल देखने को मिली। गांव में दो बेटियों की शादी बिना दहेज के हुई। जहां एक तरफ समाज में दहेज की होड़ और दिखावे की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है, वहीं इन परिवारों ने सादगीपूर्ण विवाह कर क्षेत्र को प्रेरणा दी है। गांव हसंगा में ओम प्रकाश ताखर व बृजलाल ताखर की दो बेटियों का विवाह हुआ। दूल्हे मोहित पुत्र कृष्ण लांबा निवासी दौलतपुर और प्रदीप पुत्र मुरारी लाल ढाका निवासी बनगांव ने सवा पांच-पांच लाख रुपये नगद समेत दहेज संबंधी सभी प्रस्ताव ठुकरा दिए। वर पक्ष ने रस्म के दौरान केवल 1 नारियल को थाली से उठाकर माथे से लगाकर दहेज न लेने का संकल्प दोहराया। यह देखकर लोगों की तालियों की गड़गडाहट लंबे समय तक गूंजती रही।

## निवेश प्रलोभन का लालच देकर ठगी के आरोपी को किया काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

धोखाधड़ी और निवेश के प्रलोभन देने के मामले में थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को काबू किया है। पकड़े गए युवक काला सिंह उर्फ काली पुत्र गुरदयाल सिंह निवासी खुबान, जिला फाजिल्का, पंजाब को दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। आरोपी से मामले की गहन पूछताछ जारी है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि शिकायतकर्ता जसप्रीत सिंह उर्फ जस्सी पुत्र आत्मा सिंह निवासी गुरूनानकपुरा मोहल्ला, फतेहाबाद ने शिकायत दर्ज कराई कि आरोपी अलग-अलग नंबरों से फोन और व्हाट्सएप कॉल करके अलग-अलग नामों का परिचय दे रहा था। उसने निवेश करने का लालच देकर शिकायतकर्ता को धोखा देने की कोशिश की और लगातार डराने-धमकाने का प्रयास किया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर कानूनी कार्रवाई करते हुए आरोपी काला सिंह उर्फ काली को गिरफ्तार किया।



पुलिस गिरफ्त में धोखाधड़ी का आरोपी।

**संकल्प** राजकीय कॉलेज भूना के एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा चलाए गए जन-जागरूकता अभियान को सफलता

## दहेज प्रथा के खिलाफ सकारात्मक बदलाव, 15 गांवों में 20 से अधिक शादियां दहेजमुक्त, एक नारियल और पौधे से निभाई रस्में

दलबीर सिंह ⏭ भूना

समाज में फैली दहेज रूपी कुप्रथा के खिलाफ राजकीय महाविद्यालय, भूना के एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा चलाए गए जन-जागरूकता अभियान ने ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। कॉलेज के 150 विद्यार्थियों ने जनवरी से अब तक 40 से अधिक गांवों में अभियान चलाकर ग्रामीणों को दहेज न लेने और न देने का संकल्प दिलाया, जिसका सकारात्मक परिणाम सामने आया। लगभग 15 गांवों में 20 से अधिक शादियां पूर्ण रूप से दहेजमुक्त हुई और विवाह समारोह में दूल्हा एवं उसके परिजनों ने केवल एक नारियल या पौधा लेकर विवाह की रस्में पूरी की। विद्यार्थियों के जागरूकता अभियान का असर इस कदर हुआ कि ढाणी गोपाल, ढाणी डूल्ट, नाढोड़ी, हसंगा, जांड़ली खुर्द, जांडली कला, बैजलपुर, गोरखपुर, धौलू, मोचीवाली, चोबारा और लहरियां सहित कई गांवों में परिवारों ने समाज के सामने उदाहरण पेश करते हुए दहेज लेने से इनकार कर दिया। इन शादियों में दूल्हा और दुल्हन पक्ष ने पौधे एक-दूसरे को भेंट कर समाज में दहेज प्रथा के विरोध के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।



**भूना।** घर-घर जाकर ग्रामीणों से संवाद करके दहेजमुक्त विवाह करने के लिए जागरुक करते हुए छात्राएं। *फोटो: हरिभूमि*

#### समाज बने दहेजमुक्त

महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. सुरेंद्र कुमार ज्यानी ने बताया कि लंबे समय से उनका सपना है कि विवाह पूरी तरह दहेजमुक्त हों। दहेज एक ऐसी सामाजिक बुराई है, जिसने लालचियों के हाथों अनगिनत रिश्तों को टूटने पर मजबूर कर दिया है। उन्होंने कहा कि रिश्तों में मिठास लाने के लिए समाज को इस प्रथा को जड़ से खत्म करना होगा। डॉ. ज्यानी ने कहा कि महाविद्यालय के एनएसएस विंग के 50 छात्र और 100 छात्राएं जनवरी 2025 से गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं।

#### ग्रामीणों ने सराहा

अभियान के दौरान बलबीर सिंह गोदारा ढाणी गोपाल, सुरेंद्र खिचड़ ढाणी गोपाल, नरेंद्र उर्फ नंदा जांडली खुर्द, शीशपाल पूनिया हसंगा, कमला देवी ढाणी डूल्ट सहित आसपास के गांवों के कई ग्रामीणों ने कहा कि यह मिशन सिर्फ दहेज रोकना ही नहीं बल्कि समाज में स्वाभिमान, समानता और मानवीय मूल्यों को पुनर्जीवित करने का अभियान है। दहेजमुक्त विवाह करने वाले परिवार अब अन्य गांवों को भी प्रेरित कर रहे हैं।



# जापान में फैंस से मिले प्यार पर हैरान हुए प्रभास

**मुंबई।** भारत की फिल्मों को देश ही नहीं, विदेशों में भी खूब देखा जाता है। हाल ही में फिल्म 'बाहुबली द एपिक' की जापान में स्क्रीनिंग हुई। इसी सिलसिले में फिल्म के लीड एक्टर प्रभास जापान पहुंचे। यहां उनका जोरदार स्वागत हुआ। इस पर फिल्ममेकर एसएस राजामौली ने प्रभास के लिए भावुक नोट लिखा। इसके जवाब में प्रभास ने भी एक पोस्ट लिखी है। जापान में 'बाहुबली द एपिक' 12 दिसंबर को रिलीज होने वाली है। इससे पहले इसकी स्पेशल स्क्रीनिंग पर प्रभास ने कहा 'आपके प्यार के लिए धन्यवाद। आप लोगों का प्यार मैं लंबे समय से सुन रहा था। आज यहां आकर समझ आया कि यह प्यार कितना सच्चा और गहरा है।

लाइफ Style



# सामंथा
## शादी के चार दिन बाद शुरू की शूटिंग

सामंथा रुथ प्रभु ने 1 दिसंबर को राज निदिमोरु से शादी की थी और चार दिन बाद ही वह काम पर लौट आईं। सामंथा ने अपनी नई फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है और वैनिटी वैन से तस्वीर शेयर की है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सामंथा रुथ प्रभु ने 1 दिसंबर को राज निदिमोरु के साथ शादी की थी और अब चौथे दिन ही वह काम पर लौट आईं। न्यूली वेड एक्ट्रेस ने सेट से एक तस्वीर भी शेयर की है। सामंथा ने शुक्रवार, 5 दिसंबर को वैनिटी वैन से अपनी तस्वीर शेयर की। वह अपनी नई फिल्म 'मेरे घर की लक्ष्मी' में बिजी हैं। सामंथा हनीमून पर भी सिर्फ एक ही दिन के लिए जा पाई थीं और बताया था कि वह बाद में ज्यादा दिन के लिए जाएंगी। अभी उन्हें शूट पर वापस लौटना है, तो सिर्फ एक दिन का गोवा का हनीमून प्लान किया है। सामंथा रुथ प्रभु अब काम पर लौटीं तो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह मेकअप चेयर पर बैठीं डायरेक्टर नंदिनी रेड्डी और मेकअप आर्टिस्ट अवनी रंभिया से बातें करती नजर आ रही हैं। तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा, 'लेट्स गो।' सामंथा ने इस दौरान कैजुअल टी-शर्ट और जींस पहनी हुई थी, पर उनके हाथों और पैरों पर दुल्हन वाली मेहंदी साफ दिखाई दे रही थी। 30 नवंबर को सामंथा और राज निदिमोरु की शादी की खबरें सामने आई थीं, और अगली सुबह एक्ट्रेस ने तस्वीरें शेयर कर कन्फर्म किया कि उनकी और राज निदिमोरु की शादी हो गई।

हॉलीवुड मसाला



# मेन इन ब्लैक की होगी वापसी

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की सुपरहिट साइंस फिक्शन एक्शन फ्रेंचाइज 'मेन इन ब्लैक' के फैंस के लिए खुशखबरी है। खबर है कि विल स्मिथ एक नए मिशन के साथ सीरीज की अगली फिल्म में बड़े पर्दे पर लौट रहे हैं। 'बैड बॉयज' फ्रेंचाइज को रीबूट करने के बाद, सोनी पिक्चर्स अपना ध्यान अपनी एक और सबसे बड़ी हिट 'मेन इन ब्लैक' पर लगा रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, एक नई 'मेन इन ब्लैक' मूवी पर काम शुरू हो गया है, जिसकी कहानी लिखने का जिम्मा 'बैड बॉयज फॉर लाइफ' के राइटर क्रिस ब्रेमर को मिला है।




# जस्टिन के साथ साझा की तस्वीरें, रिश्ते पर लगी मुहर

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार कैटी पेरी और कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने आखिरकार अपने रिश्ते को आधिकारिक रूप से दुनिया के सामने ला दिया है। लंबे समय से चल रही अफवाहों के बीच दोनों ने जापान टूर की निजी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा कर एक तरह से अपने प्यार पर मुहर लगा दी है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही इन तस्वीरों ने यह साफ कर दिया है कि यह रिश्ता अब केवल चर्चा का विषय नहीं, बल्कि सच है। कैटी पेरी इन दिनों अपने 'लाइफटाइम्स टूर'पर हैं और इसी दौरान उन्होंने जापान के इस टूर को साझा किया। पोस्ट में दोनों को एक साथ सेल्फी लेते हुए, कला प्रदर्शनियों का आनंद लेते हुए और साथ में समय बिताते हुए देखा जा सकता है। पेरी ने कैप्शन में केवल इतना लिखा- 'टोक्यो टाइम्स ऑन टूर एंड मोर' लेकिन इन कुछ शब्दों ने उनके रिश्ते की तस्वीर को पूरी तरह साफ कर दिया।



# पहली बार साथ दिखेंगे करीना- पृथ्वीराज

**मुंबई।** निर्देशक मेघना गुलजार इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'दायरा' को लेकर चर्चाओं में हैं। फिल्म की अभी शूटिंग चल रही है। इस बीच अब मेघना गुलजार ने फिल्म के फाइनल शेड्यूल की शूटिंग को लेकर अपडेट दिया है। इस फिल्म में करीना कपूर खान और पृथ्वीराज सुकुमारन प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। मेघना गुलजार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक तस्वीर साझा की है। उन्होंने फिल्म के फाइनल शेड्यूल को लेकर जानकारी दी है। मेघना ने जो तस्वीर साझा की है वो किसी कार के अंदर की तस्वीर है। इसमें सीट पर बड़े-बड़े बैग रखे नजर आ रहे हैं। संभवतः इनमें शूटिंग उपकरण हैं। मेघना गुलजार द्वारा निर्देशित इस फिल्म को जंगली पिक्चर्स और पेन स्टूडियो ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। फिल्म में करीना कपूर और पृथ्वीराज सुकुमारन प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे।



# मिशन इम्पॉसिबल के पूरे हुए 14 साल

**मुंबई।** 'मिशन इम्पॉसिबल घोस्ट प्रोटोकॉल' को रिलीज हुए 14 साल हो गए हैं। 7 दिसंबर, 2011 को रिलीज हुई हॉलीवुड जासूसी एक्शन फिल्म 'मिशन इम्पॉसिबल घोस्ट प्रोटोकॉल' का दुबई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में प्रीमियर हुआ था। फिल्म के 14 साल पूरे होने पर, अनिल कपूर ने अपने सोशल मीडिया पर कुछ खास तस्वीरें शेयर की हैं और साथ ही एक प्यारा नोट भी लिखा है। अनिल कपूर ने इंस्टाग्राम पर 'मिशन इम्पॉसिबल घोस्ट प्रोटोकॉल' के सेट की कई खास तस्वीरें शेयर कीं। एक तस्वीर में अनील अपनी बेटी सोनम कपूर आहूजा और टॉम के साथ पोज देते हुए नजर आ रहे हैं। इसके अलावा कई तस्वीरों में 'मिशन इम्पॉसिबल घोस्ट प्रोटोकॉल' की स्टार कास्ट के साथ अनिल पोज देते नजर आ रहे हैं।

टीवी मसाला



# तारक मेहता को एक और बड़ा झटका, प्राजक्ता ने छोड़ा शो

**नई दिल्ली।** बीते कुछ दिनों से इस शो को लेकर कई विवाद भी सामने आ रहे हैं। कई कलाकारों ने एक के बाद एक इस शो को छोड़ दिया है। कई कलाकारों ने असित मोदी पर कई गंभीर आरोप भी लगाए। इसी बीच अब एक और शॉकिंग न्यूज सामने आ रही है। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' सिटकॉम पिछले 17 सालों से दर्शकों का फेवरेट बना हुआ है। ये शो अपनी कहानी के साथ-साथ अपने किरदारों को लेकर भी सुर्खियों में बना रहता है। वहीं, बीते कुछ दिनों से इस शो को लेकर कई विवाद भी सामने आ रहे हैं। कई कलाकारों ने एक के बाद एक इस शो को छोड़ दिया है। कई कलाकारों ने असित मोदी पर कई गंभीर आरोप भी लगाए। इसी बीच अब एक और शॉकिंग न्यूज सामने आ रही है। एक और कलाकार ने ने सिर्फ इस शो को छोड़ा बल्कि मेकर्स पर आरोप लगाए हैं। दरअसल, 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के हम जिए कलाकार की बात कर रहे हैं वो कोई और नहीं, बल्कि एक्ट्रेस प्राजक्ता शिसोदे हैं। शो में उन्हें हमेशा ही गोकुलधाम सोसाइटी में सब्जी बेचते देखा गया और महिला मंडल संग गपशप करते। लेकिन, अब प्राजक्ता ने इस शो को अलविदा कह दिया हैं और इसकी जानकारी खुद एक पोस्ट शेयर करके दी है। साथ ही अपमान करने का आरोप लगाया है। प्राजक्ता ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर करते हुए शो छोड़ने की वजह बताई है। प्राजक्ता ने अपने किरदार की अपनी एक तस्वीर शेयर करते हुए बताया कि वो अब वो 'तारक मेहता' का हिस्सा नहीं हैं।

## अरमान और अभिर में होगी टक्कर

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' का अपकमिंग एपिसोड काफी दिलचस्प रहने वाला है। क्योंकि अरमान की एक गलती



की वजह से अभिरा के साथ उसका रिश्ता मुश्किल में आ जाएगा। टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' का अपकमिंग का एपिसोड काफी दिलचस्प रहने वाला है। फिर एक बार अभिरा और अरमान के रिश्ते में दरार आ सकती है। रविवार के एपिसोड में आप देखेंगे कि अभिरा अपने पति अरमान को समझाएगी कि अगर वो उसकी जगह होती तो किसी एक पर सारा आरोप डाल देने की बजाए दोनों से तसल्ली से बात करती और फिर उन्हें समझाने की कोशिश करती। लेकिन, अभिरा की बात अरमान के खास समझ नहीं आएगी। क्योंकि शो के नए प्रोमो वीडियो में दिखाया गया है कि उस वक्त पूरे परिवार के सामने तमाशा खड़ा हो जाएगा जब माहौल काफी टेंशन भरा होने के बाद कियारा अचानक वहां से भाग खड़ी होगी। अभिर उसके पीछे-पीछे जाएगा और कहेगा कि कियारा मैं तुमसे सचमुच प्यार करता हूं।

# रीना-किरण और गौरी, तीनों ने मेरी जिंदगी को नई दिशा दी

**मुंबई।** बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान हमेशा अपनी फिल्मों से ज्यादा अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में रहते हैं। लेकिन, इस बार उन्होंने अपने रिश्तों पर खुलकर बात की है। आमिर ने पूर्व पत्नियों और गर्लफ्रेंड पर एक इंटरव्यू में बात की है। आमिर खान ने अपने करियर के शुरुआती दौर में रीना दत्ता के साथ शादी की थी और दोनों ने करीब 16 साल साथ बिताए। उनके दो बच्चे जुनैद और आइरा, इस रिश्ते की सबसे बड़ी याद के तौर पर मौजूद हैं। अलग होने के बावजूद दोनों हमेशा एक-दूसरे के लिए सम्मान से भरे रहे। आमिर ने कहा कि रीना उनकी जिंदगी का अभिन्न हिस्सा हैं और वह हमेशा उनके साथ एक मजबूत दोस्ती के रिश्ते में रहेंगे। उन्होंने यह भी माना कि इतना लंबा सफर साथ बिताने के बाद रिश्ता भले ही पति-पत्नी का नहीं रहा, लेकिन इंसान के रूप में दोनों कभी एक-दूसरे से अलग नहीं हुए। किरण राव और आमिर की शादी भी करीब 16 साल चली। दोनों ने मिलकर बेटे आजाद को पाला और तलाक के बाद भी उनकी परवरिश में कोई बदलाव नहीं आया। आमिर ने बताया कि वह और किरण आज भी एक परिवार की तरह जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि किरण, उनके माता-पिता, रीना और उनके माता-पिता, सभी मिलकर एक बड़ा, समझदार और संतुलित परिवार बनाते हैं। ये आपसी गर्मजोशी ही आमिर के व्यक्तिगत जीवन को खास बनाती है। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें लगा था कि एक उम्र के बाद वह दोबारा प्यार कर पाएंगे, तो उन्होंने साफ कहा- नहीं। लेकिन फिर उनकी मुलाकात हुई गौरी स्प्रेट से, जिनके बारे में आमिर ने बताया कि वह उनकी जिंदगी में बेहद सुकून और स्थिरता लेकर आई हैं।



# वो शर्त जिसकी बलि चढ़ा अमृता सिंह और रवि शास्त्री का रिश्ता, 39 साल पहले इस तस्वीर से खुली थी अफेयर की पोल

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड और क्रिकेट का बहुत ही पुराना और गहरा कनेक्शन रहा है। जहां कई क्रिकेटर्स एक्ट्रेसेस को दिल दे बैठे और घर भी बसा लिया, वहीं कुछ का प्यार मुकम्मल नहीं हो सका। इस लिस्ट में अमृता सिंह और रवि शास्त्री का भी नाम शामिल है। यह 80 के दशक की बात है। तब एक तरफ रवि शास्त्री क्रिकेट की दुनिया में छाए हुए थे और सब उनके मुरीद थे, वहीं दूसरी ओर अमृता सिंह भी फिल्मों में डेब्यू कर चुकी थीं और चर्चा बटोर रही थीं। तब सोशल मीडिया इतना चलन में नहीं था, पर उस वक्त की मैगजीन और अखबारों में अमृता सिंह और रवि शास्त्री के अफेयर की खूब चर्चा होती थी। फिर साल 1986 में एक मैगजीन के कवर पर जब अमृता और रवि शास्त्री की तस्वीर सामने आई, तो अफेयर की बात एकदम साफ हो गई। फिर ऐसा क्या हुआ था कि दोनों का रिश्ता टूट गया, जबकि शादी की भी खबरें आने लगी थीं?



### बचपन की दोस्त से की शादी

लेकिन, न तो रवि शास्त्री झुकने को तैयार हुए और ना ही अमृता सिंह मानीं। और इस तरह उनका रिश्ता हमेशा के लिए खत्म हो गया। इसके बाद शास्त्री ने साल 1990 में बचपन की दोस्त रितु से शादी कर ली और बेटी अलेका के पिता बने। हालांकि, दो दशक से भी ज्यादा समय बाद उनकी शादी टूट गई।

### मुंबई के एक रेस्टोरेंट में हुई थी पहली मुलाकात

एक रिपोर्ट के मुताबिक, रवि शास्त्री और अमृता सिंह की पहली मुलाकात मुंबई के एक रेस्टोरेंट में हुई थी। तब रवि शास्त्री ने बाद में स्वीकार किया था कि शुरू में वह 10 मिनट तक बात ही नहीं कर पाए और बहुत शरमा रहे थे। तब अमृता ने ही बात करना शुरू किया। इसके बाद रवि शास्त्री और अमृता की नजदीकियां बढ़ने लगीं, और एक-दूसरे से प्यार करने लगे। इसके बाद जब नवंबर 1986 में 'सिने ब्लिट्ज' मैगजीन के कवर पर अमृता सिंह और रवि शास्त्री की तस्वीर दिखी, तो उनका रिश्ता पब्लिक हो गया था। उनकी केमिस्ट्री की तो तारीफ हुई ही, साथ ही उनकी शादी की अटकलें और तेज हो गई थीं। लेकिन किसी वजह से इस रिश्ते में रोड़ा अटक गया। रवि शास्त्री की एक शर्त ने अमृता सिंह के साथ उनके रिश्ते को खत्म कर दिया।

**किसी एक्ट्रेस को पत्नी नहीं बनाना चाहता :** रिपोर्ट के मुताबिक, उस दौर के एक इंटरव्यू में रवि शास्त्री ने साफ कर दिया था कि वह किसी एक्ट्रेस को अपनी पत्नी नहीं बनाना चाहते। उन्होंने कहा था कि उनकी पार्टनर की पहली प्राथमिकता उसका घर होना चाहिए। उस वक्त अमृता अपने करियर के पीक पर थीं और सुपरहिट डेब्यी फिल्म दे चुकी थीं, जिसके बाद उनके पास फिल्मों की लाइन लग गई थी। अमता ने यह कहते हुए विरोध जताया कि वह अपने प्रोफेशन से यूं ही दूर नहीं जा सकतीं। हालांकि, यह भी कहा था कि कुछ साल के बाद वह जरूर हाउसवाइफ बनकर रह सकती हैं और घर संभाल सकती हैं।

## एक के बिके थे 3 करोड़ से ज्यादा टिकट तो एक की 2 करोड़ कमाई

# धर्मेंद्र की दो फिल्मों ने रूस में कर दिया था कमाल

*नई दिल्ली। रूस और भारत के रिश्ते सिर्फ राजनीतिक नींव पर नहीं टिके हैं, दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और व्यापारिक संबंध भी हैं, जो इन रिश्ते को और मजबूत बनाते हैं। दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक रिश्ते बहुत पुराने हैं और उसका बहुत ज्यादा श्रेय हिंदी सिनेमा को भी जाता है। हिंदी सिनेमा के कुछ कलाकारों ने सोवियत संघ के बाजारों पर अपनी फिल्मों के जरिए छाप छोड़ी। उन्हीं में से एक एक्टर थे धर्मेंद्र देओल, जिनका निधन 24 नवंबर 2025 को उम्र संबंधी बीमारियों के बाद हुआ। उनकी दो फिल्में वहां रिलीज हुईं और सुपरहिट हुई थीं। वैसे तो धर्मेंद्र की बहुत सारी फिल्मों को रूस में रिलीज किया गया, लेकिन उनकी 'अलीबाबा और 40 चोर' का नाम प्रमुखता से लिया जा सकता है। 1980 में आई 'अलीबाबा और 40 चोर' फिल्म का निर्माण सिर्फ भारत की कंपनी के बैनर तले ही नहीं हुआ, बल्कि फिल्म का सह-निर्माण भारत की ईगल फिल्म्स और सोवियत संघ के उज्बेक फिल्म स्टूडियो ने मिलकर किया था। फिल्म न केवल भारत सुपरहिट साबित हुई, बल्कि इसका जादू रूस में भी चला।*



### इस फिल्म ने बना दिया था ग्लोबल आइकन

फिल्म को रूसी भाषा में रिलीज किया गया और ये दोनों देशों में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी थी। फिल्म भारत के सिनेमाघरों पर 25 हफ्तों तक लगातार चली और फिल्म ने भारत में 3 करोड़ की कमाई की। वहीं, सोवियत संघ में भी फिल्म ने लगभग 2 करोड़ की शानदार कमाई की थी। इस फिल्म ने धर्मेंद्र को ग्लोबल आइकन बना दिया था।

### धरमवीर भी रूस में हुई थी रिलीज

'अलीबाबा और 40 चोर' के अलावा धर्मेंद्र की 'धरमवीर' फिल्म भी उस मुल्क में हिट साबित हुई थी। फिल्म साल 1997 की दूसरी बड़ी हिट बनकर उभरी थी और रूस में फिल्म के 3 करोड़ से ज्यादा टिकट बिके थे। फिल्म ने भारत के सिनेमाघरों पर तकरीबन 50 हफ्तों तक अपना जादू बिखेरा था और इसी फिल्म की वजह से फैंस ने उन्हें 'आयरन' मैन का टैग दिया था।

### अलीबाबा और 40 चोर

रूस में रिलीज के बाद फिल्म 'अलीबाबा और 40 चोर' में धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की रोमांटिक केमिस्ट्री को काफी पसंद किया गया था। धर्मेंद्र को उनकी खूबसूरती की वजह से पहले ही भारत में पसंद किया जा रहा है, लेकिन सोवियत संघ में भी अपनी पर्सनैलिटी और हैंडसम चेहरे की वजह से उन्हें अलग पहचान मिली।



## खबर संक्षेप

### ब्राह्मण महासभा के प्रांतीय अध्यक्ष बने सुभाष

**सिरसा।** अखिल भारतवर्षीय दाहिमा (दाधीच) ब्राह्मण महासभा की ओर से सिरसा निवासी सुभाषचंद दाहिमा की सामाजिक गतिविधियों को देखते हुए लक्ष्मीनारायण दाधीच राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रांतीय अध्यक्ष (हरियाणा) के पद पर नियुक्त किया गया है। सुभाष चंद्र दाहिमा ने अपनी नियुक्ति के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित संगठन के तमाम पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया है।

### बाबा साहेब के महापरिनिर्वाण दिवस पर दी श्रद्धांजलि

**सिरसा।** डॉ. अंबेडकर मिशनरीज विद्यार्थी एसोसिएशन की ओर से बाबा साहेब डा. अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। छात्र नेता दीपक कुमार सांवारिया ने बाबा साहेब को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए बताया कि देश को अनमोल संविधान की धरोवर देकर अखंड भारत के निर्माण में बाबा साहेब ने अपना अहम योगदान दिया।

### हेरोइन सहित युवक को किया गिरफ्तार

**सिरसा।** सीआईए सिरसा पुलिस ने गांव भावदीन से एक युवक को हजारों रुपए की 7 ग्राम 81 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवक की पहचान रामलाल पुत्र ठाकर दास निवासी गांव भावदीन जिला सिरसा के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि सीआईए सिरसा की एक पुलिस टीम गश्त के दौरान गांव भावदीन की तरफ जा रही थी। इस दौरान पुलिस पार्टी जब गांव के नजदीक पंहुची तो गांव की गली से एक नौजवान युवक आता दिखाई दिया। उक्त युवक ने सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक घबरा गया और वापस मुडक़र भागने का प्रयास करने लगा तो पुलिस ने उसे काबू कर लिया।

### विदेश जाने की अंधी दौड़ में न शामिल हों युवा: यतींद्र

**सिरसा।** भाजपा जिला अध्यक्ष एडवोकेट यतींद्र सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए युवाओं से अपील की है कि वे विदेश जाने के लिए अवैध और जोखिम भरे मार्गों का चयन न करे। उन्होंने कहा कि डंकी रूट जैसे तरीकों से विदेश पहुंचने की कोशिश न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि यह युवाओं के जीवन के लिए अत्यंत हानिकारक साबित होती है। इस कारण निर्वासन, जुर्माना, जेल और कई देशों में प्रवेश पर स्थायी प्रतिबंध लगने जैसी बड़ी सज़ाएं भुगतनी पड़ सकती हैं।

---

### जिलेभर में कॉम्बिंग ऑपरेशन, निगरानी और छापेमारी तेज, अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजा

# ऑपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशन : फतेहाबाद पुलिस ने 37 अपराधियों को दबोचा, भारी मात्रा में नशा बरामद

### नशा, हिंसक व संगठित अपराध में शामिल आरोपी रडार पर



फतेहाबाद। एसपी सिद्धांत जैन।

- 7 आरोपियों की संपत्ति अटैच की, 14 फरार अपराधी काबू किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

फतेहाबाद पुलिस ने जिले में अपराध और नशा तस्करी के खिलाफ ऑपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशन अभियान के तहत अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजने का काम किया है। अभियान के तहत पुलिस ने बीते दिनों जिलेभर में कॉम्बिंग ऑपरेशन, निगरानी और छापेमारी तेज की। इस दौरान 112 नशा, शराब और जुआ से जुड़े हॉटस्पॉट इलाकों में पुलिस ने सघन गश्त और तलाशी अभियान चलाए। ऑपरेशन शुरू होने के बाद से पुलिस ने अब तक 37 आरोपियों को दबोचा, जिनसे बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थ और अवैध सामान बरामद किया गया। इस दौरान पुलिस ने अपराधियों से 3740 नशीली गोलियां, 2.706 किलो अफीम, 69.28 ग्राम हेरोइन, 26.200 किलोग्राम डोडा पोस्त, 10.90 ग्राम चिट्टा, 18 बोतलें अवैध शराब व 150 लीटर लाहन तथा 8270 रुपये नकदी बरामद की है। एसपी सिद्धांत जैन के अनुसार फतेहाबाद पुलिस ने ऑपरेशन का फोकस सिर्फ नशे तक सीमित नहीं रखा, बल्कि हिंसक व संगठित अपराध में शामिल आरोपी भी रडार पर रहे। इस अभियान में पुलिस ने 7 आरोपियों की संपत्ति अटैच की, 14 फरार हिंसक अपराधी गिरफ्तार किए। 7 आरोपियों के खिलाफ एलओसी जारी की गई वहीं 8 हिंसक आरोपियों के पासपोर्ट रद्द करने के प्रस्ताव भेजे गए हैं। इस दौरान पुलिस द्वारा एक स्थान पर अवैध अतिक्रमण हटाया गया। 3 आरोपियों पर आम्र्स एक्ट में कार्रवाई की गई वहीं 9 गन हाउस संचालकों/उल्लंघनकर्ताओं को नोटिस जारी किया गया।

#### 71 जरूरतमंद लोगों को सहायदा प्रदान की

अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए फतेहाबाद पुलिस ने अन्य 13 राज्यों के साथ महत्वपूर्ण इंटेलिजेंस साझा की, जिससे फरार और इंटर-स्टेट अपराधियों की निगरानी और पकड़ और मजबूत हुई। सुरक्षा के साथ-साथ मानवता का संदेश देते हुए पुलिस ने अभियान के दौरान 71 जरूरतमंद और विपत्ति-ग्रस्त लोगों को सहायता प्रदान की। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि फतेहाबाद जिला पुलिस अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति पर कार्य कर रही है। ऑपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशन को लगातार प्रभावी रूप से लागू किया जाएगा, ताकि जिले में शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था और मजबूत हो सके।

## 46 किलोग्राम डोडा चूरापोस्त बरामदगी मामले में खरीदार काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा



सिरसा। चूरापोस्त बरामदगी मामले में पकड़ा गया आरोपी।

पुलिस ने ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन अभियान के तहत लाखों रुपये के 46 किलोग्राम चूरापोस्त बरामदगी मामले में खरीददार को गिरफ्तार कर लिया है। गौरतलब है कि नाथूसरी चौपटा थाना की कागदान पुलिस चौकी की एक पुलिस टीम ने बीती 12 नवंबर 2025 को नाकाबंदी के दौरान गांव गुसाईआना से गोगामेड़ी रोड पर मौजूद थी। नाकाबंदी के दौरान पुलिस टीम आने जाने वाले वाहनों की चेकिंग कर रही थी। चेकिंग के दौरान गोगामेड़ी राजस्थान की तरफ से एक कार आती हुई दिखाई दी। उक्त गाड़ी सवार युवक सामने पुलिस पार्टी को देखकर अचानक घबरा गया और गाड़ी को वापस मोड़ कर भागने का प्रयास करने लगा। शक के आधार पर पुलिस पार्टी ने उक्त गाड़ी सवार युवक को काबू कर शक के आधार पर गाड़ी की डिग्गी खोलकर चेक किया तो गाड़ी की डिग्गी से तीन गट्टे प्लास्टिक के भरे हुए मिले। गट्टों को खोलकर नियमानुसार तलाशी ली तो प्लास्टिक के गट्टों में से लाखों रुपए का 46 किलो 800 ग्राम डोडा चूरापोस्त बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि आरोपी बलजीत सिंह उर्फ भाटी पुत्र प्रताप सिहं निवासी गांव गुसाईआना थाना नाथूसरी चौपटा जिला सिरसा से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि उक्त डोडा चूरापोस्त मांगेराम पुत्र कृष्ण कंमार निवासी कुस्सर थाना रानियां जिला सिरसा ने खरीदना था। दोनों आरोपियों के खिलाफ नाथूसरी चौपटा थाना में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है। जांच के दौरान नाथूसरी चोपटा थाना की कागदाना पुलिस चौकी ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए खरीददार आरोपी मांगेराम पुत्र कृष्ण कुमार निवासी गांव कुस्सर को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि आरोपी को अदालत में पेश कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। आरोपी की रिमांड अवधि के दौरान उसकी निशानदेही पर राजस्थान के जोधपुर क्षेत्र में डोडा चूरापोस्त तस्करी के मुख्य सप्लायर के ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

#### ऑपरेशन हॉट स्पॉट डोमिनेशन के तहत कार्रवाई

*डबवाली। डबवाली पुलिस द्वारा अपराधों की रोकथाम व आपराधिक मामलों में वांछित आरोपियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान पूरे क्षेत्र भर में विशेष कॉम्बिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत पुलिस टीमों ने नशा करने वाले व्यक्तियों/जुआरियों/स्टोरियों, असामाजिक तत्वों, आवारागर्द व्यक्तियों के अड्डों पर अचानक छापेमारी करते हुए व्यापक कॉम्बिंग अभियान चलाया। जिसमें आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने, कानून व्यवस्था बनाए रखने, संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान करने एवं अपराधों, नशे, सट्टा-जुआ की रोकथाम टैक्सी स्टैंडों, बाजार, भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों, संदिग्ध रास्तों, खाली स्थानो, खंडहरों में गहनता से कॉम्बिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान पुलिस टीमों द्वारा सामाजिक प्रतिनिधियों और जागरूक नागरिकों से विशेष अपील की गई है कि अपने-अपने क्षेत्र में नशा बेचने वालों, जुआ खिलाने वालों या अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ताकि उन पर तुरंत आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा सके और असामाजिक घटना होने से पूर्व उस पर नियंत्रण पाया जा सके।*

---

## संत निरंकारी सत्संग भवन बप्पां में रक्तदान शिविर का आयोजन



सिरसा। शिविर में रक्तदान करते हुए ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वावधान में बप्पां के निरंकारी सत्संग भवन में रविवार को रेडक्रॉस के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 89 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस दौरान आयोजित सत्संग में सुदीक्षा महाराज के प्रवचन साध संगत को सुनाए गए। उन्होंने बताया कि सांसारिक सुखों का चाहवान तो हर कोई है पर किसी को भी परमात्मा की आवश्यकता नहीं है और परमात्मा की जानकारी के बिना मोक्ष संभव नहीं है। इस रक्तदान शिविर और सत्संग में इलाके के अनेकों धर्म प्रेमी सज्जनों एवं श्रद्धालुओं ने भाग लिया। शिविर में मानव कल्याणार्थ बप्पां ब्रांच के साथ-साथ आस-पास की ब्रांचों कालांवाली, रोड़ी, नेजाडेला एवं पंजुआना के श्रद्धालु भक्तों एवं रक्तदाताओं का पहुंचने पर स्वागत किया गया एवं लंगर भंडारे का भी आयोजन किया गया। जोनल इंचार्ज रमन नागपाल एवं संयोजक जीवनदास ने साध संगत का स्वागत किया।

---

*डीटी सैलजा तनेजा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया*

## महिला सुरक्षा-सम्मान को समर्पित संयुक्त ऑरेंज द वर्ल्ड रैली आयोजित

- 200 महिलाओं तथा सेंट जेवियर स्कूल और सावन पब्लिक स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा



सिरसा। रैली को झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।

ऑरेंज द वर्ल्ड अभियान के अंतर्गत इनर व्हील के छह क्लबों ने संयुक्त रूप से जागरूकता रैली निकाली। इस रैली में सभी क्लबों की लगभग 200 महिलाओं तथा सेंट जेवियर स्कूल और सावन पब्लिक स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली का नेतृत्व पीडीसी नीता पुरी, जिला ट्रेजरर सैलजा तनेजा और किरण तनेजा ने संयुक्त रूप से किया। रैली को डीटी सैलजा तनेजा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पीडीसी नीता पुरी और पीडीसी किरण तनेजा ने आसमान में ऑरेंज बैलून्स छोडक़र अभियान का संदेश दिया। रैली का मुख्य उद्देश्य महिला सुरक्षा, सम्मान और जागरूकता को बढ़ावा देना था। प्रतिभागियों ने ऑरेंज ड्रेस कोड अपनाकर इसका प्रतीकात्मक संदेश दिया। रैली का मुख्य आकर्षण नुक्कड़ नाटक, शपथ ग्रहण, जुंबा, इन्नर व्हील गीत पर समूह नृत्य रहा। प्रधान हरविंद्र मलिक, सुषमा कालरा, मीनू सर्राफ, राधिका सेठी, रेणू गोदारा और अंजु शारदा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद व खासकर पीपी रवींद्र टीना का विशेष आभार प्रकट किया। मंच संचालन टीम सदस्य आरती डाबर एवं प्रीति बासिन ने किया। इसके अतिरिक्त सावन पब्लिक स्कूल की एमडी इंद्रा खुराना तथा सेंट जेवियर स्कूल व सावन पब्लिक स्कूल के बच्चों एवं स्टाफ का भी विशेष धन्यवाद किया, जिन्होंने रैली में सक्रिय योगदान देकर इस अभियान को सफल बनाया।

---



सिरसा। एसोसिएशन के नवनियुक्त पदाधिकारी।

### सी ब्लाक रैसिडेंट्स वैलफेयर एसो. के प्रधान बने नवजीवन

**सिरसा।** दी सी ब्लॉक रैसिडेंट्स वैलफेयर एसोसिएशन की बैठक रविवार को आनंद वाटिका पार्क में एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. ओपी वाधवा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में एसोसिएशन के नए चुनाव करवाए गए, जिसमें सर्वसम्मति से नवजीवन बंसल को नया अध्यक्ष, दर्शन गंभीर को कार्यकारी अध्यक्ष, डॉ. राजकुमार गंडा को उपाध्यक्ष, हंस मेहता को महासचिव व राजकुमार सिघांची को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा संजय अरोड़ा को संरक्षक बनाया गया और एक सलाहकार समिति का गठन करते हुए डॉ. ओपी वधवा, प्रेमपाल सिंह कटारिया, प्रेम बंसल, सुरेंद्र गर्ग व पवन रातुसरिया को शामिल किया गया। इस बैठक में निवर्तमान अध्यक्ष डॉ. ओपी वधवा ने एसोसिएशन की नई टीम को बधाई देते हुए उन्हें भविष्य में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष नवजीवन बंसल ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए पुरानी टीम के सभी पदाधिकारियों का सी ब्लाक के विकास में दिए गए सहयोग पर उनका आभार जताया।

## प्रदेश व्यापार मंडल की वार्षिक बैठक 21 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा



सिरसा। व्यापारी नेता व्यापारियों से बात करते हुए।

हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल की मासिक बैठक प्रदेश महासचिव व जिला प्रधान हीरालाल शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में व्यापारियों को दरपेश आ रही समस्याओं को लेकर गहन मंथन किया गया। हीरालाल शर्मा ने कहा कि शहर की सडक़ों को चारों साइड से खोद कर छोड़ दिया गया है, जिसके कारण लोगों को आवागमन में बाधा आ रही है। सडक़ों को खोदने के कारण व्यापारियों का व्यापार पूरी तरह चौपट हो गया है। सडक़ों के निर्माण को लेकर व्यापार मंडल का प्रतिनिधिमंडल जल्द जिला उपायुक्त से मिलेगा। इस मौके पर हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के शहरी प्रधान कीर्ति गर्ग ने बताया कि जिलाध्यक्ष हीरा लाल शर्मा की अध्यक्षता में आगामी 21 दिसंबर को वार्षिक बैठक आयोजित की जा रही है, जिसमें सभी ट्रेड एसोसिएशनस के प्रधान हिस्सा लेंगे। इस मौके पर अश्विनी बांसल, भीम सिंगला, प्रेम गुप्ता, नीटू, अमित गाबा, प्रवीण महिपाल, कंवलजीत सिंह, नरेश जिंदल, जशन गर्ग सहित अन्य व्यापारी मौजूद थे।

---

## न्यूज डायरी



नशे के खिलाफ हवन यज्ञ करते हुए।

### विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक से किया जागरूक

**सिरसा।** डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल ने आर्यरत्न श्रद्धेय पूनम सूरी और योगी सूरी के मार्गदर्शन में संचालित राष्ट्रीय अभियान नो नशा-यश वैल्यूज के अंतर्गत श्रीराम पार्क में 101 हवन का आयोजन किया गया। हवन का संचालन संस्कृत शिक्षक बलजिंद्र कुमार के निर्देशन में विद्यार्थियों द्वारा किया गया, जिसमें अभिभावकों व सामाजिक प्रतिनिधियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद, श्रीराम पार्क परिषद तथा विद्यालय स्टाफ गुलाब सिंह, वासुदेव पंत, नवजोत मैम और स्पोट्र्स टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा। हवन उपरांत विद्यार्थियों ने नशा विरोधी नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया तथा रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। सभी उपस्थित लोगों ने नशामुक्त समाज बनाने की शपथ भी ली, जिसमें न स्वयं नशा करने और न किसी को करने देने का संकल्प लिया गया। प्राचार्य नरेंद्र सिंह दहिया ने बताया कि पूनम सूरी और योगी सूरी का यह अभियान युवाओं में नैतिक मूल्यों को मजबूत कर समाज को नशामुक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए और प्रसाद वितरण किया गया।

### गाड़ी की टक्कर में बाइक सवार घायल

**सिरसा।** जिला के गांव ढाबां के समीप पिकअप गाड़ी की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार युवक घायल हो गया। पुलिस को दी शिकायत में ढाबां निवासी महाबीर ने बताया कि वह ड्राइवर है। वह बडगुढा से गांव ढाबां की ओर मोटरसाइकिल पर आ रहा था। शनिवार शाम करीब 7 बजे जब वह गांव के पक्का खाल के नजदीक पहुंचा तो ढाबां की ओर से एक पिकअप गाड़ी आ रही थी। जब वह पिकअप गाड़ी को क्रॉस करने लगा तो पिकअप ड्राइवर ने पीछे से उसकी बाइक में मार दी, जिससे वह नीचे गिर गया। उसके हाथ-पांव में काफी चोट आई। हादसे के बाद पिकअप ड्राइवर मौके से फरार हो गया। उसने अपने परिजनों को सूचना दी तो परिवार वालों ने उसे सिरसा के निजी अस्पताल में दाखिल कराया। पुलिस ने घायल के बयान दर्ज कर जांच शुरू की है।

---

**जागरूकता** | **हिजरावा कलां में उपचाराधीन ड्रग पीड़ितों की काउंसलिंग और स्वास्थ्य मूल्यांकन**

## ऑपरेशन 'जीवन ज्योति': नशा मुक्ति टीम का दो गांवों में विशेष अभियान

- टीम ने सकारात्मक दिनचर्या अपनाने और नशे से दूर रहने को किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद



फतेहाबाद। नशे को लेकर गांवों में जागरूकता अभियान चलाती नशामुक्ति टीम।

जिले में ऑपरेशन 'जीवन ज्योति' के तहत नशे से प्रभावित व्यक्तियों के पुनर्वास, काउंसलिंग और सामाजिक पुनस्र्थापना को लेकर व्यापक अभियान जारी है। इसी क्रम में रविवार को नशा मुक्ति टीम फतेहाबाद ने दो गांवों में विशेष अभियान चलाकर अनेक उपचाराधीन व नए चिन्हित ड्रग पीड़ितों का फीडबैक लिया और उनके उपचार में आवश्यक सहयोग प्रदान किया। इस अभियान का नेतृत्व एसआई सुंदर ने किया। टीम सबसे पहले गांव हिजरावा कलां पहुंची, जहां वर्तमान में उपचाराधीन चल रहे 4 ड्रग पीड़ितों से मुलाकात कर विस्तृत काउंसलिंग की गई। टीम ने उनके स्वास्थ्य सुधार, दवा सेवन, व्यवहारिक परिवर्तन और परिवार के सहयोग को लेकर आवश्यक जानकारी एकत्र की।

#### नशा पीड़ितों का किया मार्गदर्शन

इसके उपरांत टीम गांव तामसपुरा पहुंची, जहां स्थानीय लोगों को नशे के दुष्प्रभाव, अपराध से इसके संबंध, परिवार व समाज पर पडऩे वाले प्रभाव तथा इसके उपचार व रोकथाम के बारे में जागरूक किया गया। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान 9 नए ड्रग पीड़ित व्यक्तियों को चिन्हित कर काउंसलिंग की गई। काउंसलिंग उपरांत नशा मुक्ति टीम द्वारा उन्हें आयुर्वेदिक औषधियां भी उपलब्ध कराई गई, ताकि वे दवा-उपचार प्रक्रिया के माध्यम से नशा छोडऩे की दिशा में आगे बढ़ सकें। टीम ने गांव में पहले से उपचाराधीन सभी पीड़ितों से भी मुलाकात की, उनका हालचाल जाना और उपचार के दौरान आने वाली कठिनाइयों को समझकर आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया।

## खबर संक्षेप

### गुरुद्वारा चोरमार में अखंडपाठ का प्रकाश

**ओढां।** भारतीय किसान एकता द्वारा गुरुद्वारा श्री चोरमार साहिब में गुरु तेग बहादुर, भाई मती दास, भाई सती दास और भाई दयाला जी के 350वें सालाना शहीदी शताब्दी को समर्पित रविवार को श्री अखंडपाठ साहिब का प्रकाश करवाया। लखविंद्र सिंह ने बताया कि आगामी 9 दिसंबर को श्री अखंड पाठ साहब के भोग डाला जाएगा और कीर्तन दरबार सजाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसा अवसर पर तख्त श्री दमदमा साहिब के जत्थेदार सिंह साहब ज्ञानी टेक सिंह धनौला भी पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि रागी श्री दरबार साहिब तेजेंद्र सिंह और गुरुद्वारा जामनी साहिब के हेड ग्रंथी ज्ञानी बलविंद्र सिंह भी आगामी 9 दिसंबर को कथा कीर्तन करेंगे।

### स्कूटी चोरी करने का आरोप गिरफ्तार

**रतिया।** रतिया पुलिस ने स्कूटी चोरी मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान सुनील उर्फ गोचा पुत्र रमेश कुमार निवासी स्वामी नगर, फतेहाबाद के रूप में हुई है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। थाना शहर रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक रणजीत सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता एडवोकेट शुभम कुमार ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि 19 नवंबर को उन्होंने अपनी ग्रे रंग की होंडा एक्टिवा स्वामी दयानंद स्कूल, शक्ति नगर, रतिया के बाहर खड़ी की थी, जो 15 मिनट बाद मौके से गायब मिली।

### चेक बाउंस के मामले में वांछित दबोचा

**सिरसा।** पुलिस ने चेक बाउंस मामले में वांछित भगौड़े आरोपी को काबू कर लिया है। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार ने बताया कि माननीय अदालत द्वारा आरोपियों को बार-बार नोटिस देने पर भी आरोपी अदालत में हाजिर नही आया। अदालत के आदेशों की अवहेलना करने पर माननीय अदालत ने आरोपी रविंद्र सिंह को 14 जुलाई 2025 को पीओ घोषित किया था उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी के खिलाफ थाना सिविल लाइन सिरसा में बीएनएस की धारा 209 के तहत मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु की गई थी। सिविल लाइन थाना प्रभारी ने यह जानकारी दी।

# ग्रामीण सफाईकर्मियों ने किया प्रदर्शन बोले-दो माह से नहीं मिल रहा वेतन

## सरकार पर वायदा खिलाफी का आरोप लगाया, एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद




फतेहाबाद। मांगों को लेकर लघु सचिवालय पर धरना देते ग्रामीण सफाई कर्मचारी तथा प्रदर्शन के बाद एसडीएम को मांग पत्र सौंपते ग्रामीण कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारी।

जिलाभर के सैंकड़ों ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने अपनी लम्बित मांगों एवं गांव में काम के दौरान आ रही समस्याओं को लेकर रविवार को फतेहाबाद के लघु सचिवालय पर धरना दिया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन करते हुए कर्मचारी एसडीएम निवास पहुंचे और उन्हें मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। धरने की अध्यक्षता ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के जिला प्रधान सुनील कुमार ने की व संचालन जिला सचिव हरपाल सिंह ने किया।

धरने को संबोधित करते हुए सर्व कर्मचारी संघ के पूर्व प्रधान बेगराज ने कहा कि पिछले 11 साल के कार्यकाल में भाजपा सरकार ने एक भी सफाई कर्मचारी की पक्की भर्ती नहीं की और ना ही किसी कच्चे सफाई कर्मचारी को पक्का किया, जो दलित और सफाई कर्मचारी विरोधी होने का बड़ा सबसे सबूत है। यह सरकार खासकर प्रदेश के मुख्यमंत्री अपने ही वायदों और घोषणाओं से बार-बार मुकरने का रिकॉर्ड बना चुके हैं। मुख्यमंत्री नायब सैनी अपने मुंह से कही गई बातों से बदलते दिखाई दिए हैं। जिला प्रधान सुनिल कुमार ने कहा कि सरकार दावा तो समाज के आखिरी पायदान पर बैठे व्यक्ति के उत्थान का करती है लेकिन सबसे अंतिम पंक्ति पर बैठे हम सफाई कर्मियों का समय पर वेतन का भुगतान तक नहीं किया जाता। 2-2 महीने तक वेतन नहीं दिया जाता। पहले 12 माह का बजट जारी होता था लेकिन अब दो साल से हर माह बजट जारी करने का प्रावधान कर दिया जिसके कारण कभी भी समय पर वेतन नहीं मिलता। यूनियन सरकार से मांग करती है कि समय रहते समस्याओं और माँगों का समाधान करें अन्यथा आंदोलन को और तेज किया जाएगा। आज के धरना प्रदर्शन में जिला कोषाध्यक्ष बलबीर सिंह, उपाध्यक्ष हरपाल सिंह, दर्शन सिंह, अमित कुमार, अनिल कुमार, पवन कुमार, गुरदास, जगदीश चंद्र, जसप्रीत आदि शामिल हुए।

### सरकार मांगों की अनदेखी कर रही : हरपाल सिंह

जिला सचिव हरपाल सिंह ने बताया कि जिला के ग्रामीण सफाई कर्मचारियों के हालात बीजेपी के आने के बाद और ज्यादा खराब हुए हैं। समय पर ना तो वेतन दिया जा रहा और ना ही कूड़ा उठाने के लिए रिक्शा आदि का कोई प्रबंध किया जा रहा। सफाई कर्मचारियों के ईएसआई व पीएफ के पैसे कट रहे हैं लेकिन इनका लाभ नहीं मिल रहा, अधिकतर सफाई कर्मचारियों को तो आज तक ईएसआई कार्ड तक नहीं मिला। कई गांवों में सफाई कर्मचारियों के गुजरने के बाद भी उनके पदों पर भर्ती नहीं की गई। सरपंच व ग्रामीण सचिवों के इशारे पर बिना कारण के मूंछ का सवाल बनाकर सफाई कर्मचारियों का वेतन रोक दिया जाता है, जिसके कारण इनको आर्थिक तंगी से गुजरना पड़ता है। गांव में सफाई कर्मचारियों की कमी के कारण पूरी तरह से सफाई नहीं हो पाती और सरकार की इस नाकामी को कर्मचारियों के सिर पर यह कहकर लाद दिया जाता है कि सफाई कर्मचारी काम नहीं करते। विधानसभा में एक हजार की आबादी पर एक कर्मचारी लगाने की घोषणा करके भी आज तक उसको सिरे नहीं चढ़ाया, जिसके कारण 9754 से ज्यादा पद ग्रामीण क्षेत्र में आज खाली पड़े हैं।



फतेहाबाद। डीएवी पुलिस स्कूल द्वारा आयोजित दिव्य यज्ञ में भाग लेते अतिथिगण व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## डीएवी में 'नो नशा नेशन' अभियान

# बच्चों ने 100 कुण्डीय दिव्य यज्ञ में डाली आहुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

- डीएवी के प्रमुख पूनम सूरी के नेतृत्व में अभियान

डीएवी के प्रमुख एवं आर्य रत्न पूनम सूरी तथा आर्य युवा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी सूरी के प्रेरणादायी नेतृत्व में 'नो नशा नेशन' अभियान के अंतर्गत रविवार सुबह 11 बजे पुलिस लाइन स्थित ग्रीन पार्क में डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल फतेहाबाद द्वारा भव्य 100 कुण्डीय दिव्य यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन आईपीएस ने भाग लिया। इसके अलावा विशिष्ट अतिथि के तौर पर आर्य समाज फतेहाबाद के प्रधान अरुण ग्रोवर, सीमा ग्रोवर, सुनील शास्त्री प्राचार्य गुरुकुल वेद मंदिर व वैदिक प्रवक्ता डॉ. सुनीता आर्या मौजूद रहे। स्कूल प्राचार्या अमिता सिंह ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ अतिथियों ने यज्ञ में आहुति डाली। यह वो अवसर रहा, जब नशे से मुक्त राष्ट्र बनाने की ओर एक महत्त्वपूर्ण कदम को ओर हम सब अग्रसर हो रहे हैं। विद्यालय प्राचार्या अमिता सिंह ने बताया कि यह आयोजन केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि समाज को नशों के खिलाफ एकजुट करने का व्यापक सामाजिक संदेश देने के साथ-साथ विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करने की विशेष पहल है। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा प्रभावी प्रस्तुतियां दी गई। विद्यार्थियों द्वारा निकाली गई जागरूकता रैली शहरवासियों को नशे के दुष्प्रभावों सेपरिचित करवाया तथा 'नो नशा नेशन' का संदेश जन-जन तक पहुंचाया।

# पुलिसकर्मियों ने चौकियों व थानों को किया चकाचक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के नेतृत्व में फतेहाबाद पुलिस ने हर रविवार को स्वच्छ थाना-चौकी अभियान के रूप में एक अनोखी पहल शुरू की है, जिसके बाद अब थानों की सूरत भी बदली है। हर रविवार सुबह जिले के सभी थानों में एक अलग ही ऊर्जा देखने को मिलती है। पुलिसकर्मी स्वयं झाड़ू, ब्रश, कूड़ेदान, पेंट ब्रश और पौधे लेकर थानों की सफाई, रिकॉर्ड रूम की व्यवस्था, पेंटिंग और सौंदर्यीकरण में जुट जाते हैं। दो घंटे का यह श्रमदान अब थानों में अनुशासित, साफ-सुथरी और प्रेरणादायक कार्यसंस्कृति का आधार बन चुका है। एसपी सिद्धांत जैन का कहना है कि जब थाना स्वच्छ और व्यवस्थित होगा तो पुलिस कर्मियों का मनोबल भी ऊंचा होगा और जनता का भरोसा भी मजबूत होगा। थानों का वातावरण बदलने से पुलिस कर्मियों में टीमवर्क बढ़ा है और जनता के लिए ज्यादा सहज एवं सम्मानजनक माहौल तैयार हुआ है। इससे लोगों में पुलिस की प्रति विश्वास बढ़ेगा।



फतेहाबाद। थानों में सफाई अभियान चलाते पुलिस कर्मचारी।

### टोहाना पुलिस ने हेरोइन सप्लायर युवक को किया काबू

**फतेहाबाद।** टोहाना पुलिस ने नशा तस्करी के मामले में फरार चल रहे मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान राहुल ढिल्लों उर्फ राठा पुत्र हंसराज ढिल्लों निवासी बक्शी गली, टोहाना के रूप में हुई है। इस मामले में एक अन्य आरोपी को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि इससे पहले इसी प्रकरण में आरोपी काला पुरी पुत्र बीरू पुरी निवासी मड़िया मोहल्ला, टोहाना को 19 जून 2023 को गश्त के दौरान संदिग्ध गतिविधि के आधार पर काबू किया गया था। नियमानुसार तलाशी के दौरान उसकी नीले लोअर की जेब से 10 ग्राम हेरोइन बरामद हुई थी। इस मामले में थाना शहर टोहाना में 19 जून 2023 को केस दर्ज किया गया था।

# शिक्षकों को वाई-ब्रेक योग का प्रशिक्षण देकर तनावमुक्त रहने का अभ्यास करवाया

- आयुष योग सहायक उग्रसेन ने कहा : भागदौड़ भरी जिंदगी में निरोग रहने के लिए योग जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। गांव गिलांखेड़ा विद्यालय में स्टाफ को वाई-ब्रेक योग का प्रशिक्षण देते आयुष योग सहायक उग्रसेन। फोटो : हरिभूमि

महानिदेशक आयुष विभाग पंचकूला व हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वाधान में चल रहे वाई-ब्रेक योग प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत गांव गिलांखेड़ा में स्टाफ सदस्यों को योगाभ्यास करवाया गया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. प्रवीण शर्मा व जिला योग समन्वयक डॉ. भारती चौहान के निर्देशानुसार आयुष योग सहायक उग्रसेन ने राजकीय माध्यमिक विद्यालय गिलाखेड़ा में वाइब्रेक योग अभ्यास का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने विद्यालय के स्टाफ को ताड़ासन, स्कंद संचालन, कटी चक्रासन, अर्धचंद्र आसन , नाडी शोधन, सम्मुखी मुद्रा का अभ्यास के साथ-साथ ध्यान का भी अभ्यास करवाया और इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। स्टाफ को संबोधित करते हुए आयुष योग सहायक उग्रसेन ने कहा कि वाइब्रेक योग अभ्यास कार्य स्थल पर उपस्थित कर्मचारी को तरोताजा रखने के साथ-साथ उनका स्वास्थ्य संवर्धन भी करता है। व्यक्ति जितना तनाव मुक्त होगा उतना ही कार्य कुशलता पूर्वक कर पाएगा। आयुष योग सहायक ने बताया कि आज भाग दौड़ भरी जीवन में स्वास्थ्य लाभ अर्जित करके निरोग जीने के लिए पूरे विश्व में योग अभ्यास को स्वीकार किया गया है। हमें भी इसे अपने जीवन में अपनाना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य अध्यापक बारुराम ने आयुष योग सहायक का स्वागत किया। इस अवसर पर विकास कुमार, गोविंद, राजकुमार, सुदामा शास्त्री, संजीव व रमेश कुमार सहित स्कूल के सभी स्टाफ ने बड़ी ऊर्जा के साथ वाई ब्रेक योग अभ्यास का प्रशिक्षण लिया और प्रतिदिन जीवन में योग अभ्यास अपनाकर स्वस्थ जीने का संकल्प भी लिया।

### नागपुर में युवक पर हमला करने व फायरिंग करने का आरोपी पकड़ा

**फतेहाबाद।** गांव नागपुर में एक युवक पर हमला करने, फायरिंग और छीना-झपटी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर रतिया पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान सुखदीप सिंह उर्फ काला पुत्र जगसीर सिंह निवासी हड़ौली, जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है। थाना सदर रतिया प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह ने बताया कि शिकायत तलविंद्र सिंह दंदीवाल पुत्र रामसिंह निवासी महमदगी द्वारा दर्ज करवाई गई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार, 17 नवंबर को वह अपनी थार गाड़ी में गांव नागपुर क्षेत्र में मौजूद था, जहां आरोपी सुखदीप उर्फ काला ने पहले गाड़ी रुकवाई और बाद में अपने साथियों को इशारा कर उस पर लाठी-डंडों व चाकू से हमला करवा दिया। हमले के दौरान आरोपी तोती पुत्र बीकर निवासी नागपुर ने उसकी सात तोले की सोने की चैन तोडक़र अपने पास रख ली तथा मौके से भागते समय उसके ऊपर फायर भी किया। पीड़ित तथा उसकी परिचित हर्षदीप कौर को 112 पुलिस वाहन द्वारा अस्पताल पहुंचाया गया। हर्षदीप कौर ने अपने बयान में बताया कि आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की, गाड़ी की तलाशी ली और उसमें रखे 50 हजार रुपये निकाल लिए। प्राप्त तथ्यों के आधार पर थाना सदर रतिया में 18 नवंबर को केस दर्ज किया गया।

# साइबर ठगों से रहें सावधान: एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

- इनाम निकलने का लालच देकर कर रहे ठगी : खट्टर

पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर ने साइबर फ्रॉड से बचने के लिए आमजन को सावधान रहने की एडवाइजरी जारी करते हुए कहा है कि ऑनलाइन ठगी से बचें और किसी भी सूरत में बैंक लोन, लॉटरी या अन्य इनाम जीतने के झांसे में आकर अपनी बैंक संबंधित डिटेल साझा न करें। उन्होंने कहा कि इस समय साइबर अपराधी काफी सक्रिय हैं जोकि लोगों को बैंक लोन, लॉटरी, फ्री रिचार्ज या अन्य इनाम निकलने का झांसा देकर चूना लगा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अक्सर देखने में आया है कि साइबर ठग आमजन से लोन मंजूर होने, लॉटरी या अन्य इनाम निकलने का लालच देकर पैसे जमा करवाने को कहते हैं, इसलिए ऐसी सूरत में सतर्क रहें और किसी भी लोभ लालच में न आते हुए बताए गए बैंक खातों में पैसे जमा न करवाएं बल्कि उसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दें, ताकि ऐसे लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि अपने ईमेल या वाट्सएप पर आए ऐसे लिंक पर क्लिक करते समय आवश्यक सावधानी बरतनी चाहिए। उन्होंने कहा कि फ्रॉड कॉल करने वाले व्यक्ति अक्सर 24 घंटे के अंदर बैंक खाता ब्लॉक करने का दबाव बनाकर बैंक से संबंधित जानकारी हासिल कर आमजन से ठगी करते हैं। पुलिस अधीक्षक ने आमजन को सलाह दी है कि उनके बैंक खाते को ब्लॉक करने संबंधित किसी प्रकार की कॉल, मैसेज या एसएमएस आता है तो किसी भी प्रकार की जानकारी साझा न करें। उन्होंने कहा कि अगर बैंक खाता ब्लॉक होने संबंधित जानकारी हासिल करनी हो तो संबंधित बैंक द्वारा बताई गई ऑफिशियल कस्टमर केयर के नंबर पर ही वेरीफाई करें। कोई भी नागरिक सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार के फर्जी या असत्यापित लिंक को न खोलें।

### घर में घुसकर मारपीट व तोड़फोड़ के मामले में पांचवां आरोपी पकड़ा

**फतेहाबाद।** घर में घुसकर मारपीट करने, तोड़फ़ोड़ करने और एससी/एसटी एक्ट के एक गंभीर मामले में थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को काबू किया है। पकड़े गए युवक की पहचान रविंद्र उर्फ आशु पुत्र कुलदीप सिंह निवासी कुकड़ांवाली के रूप में हुई है। आरोपी को अदालत में पेश कर हिसार जेल भेजा गया है। इससे पहले इसी मामले में चार अन्य आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि पीड़िता परमजीत कौर निवासी हंस कॉलोनी, फतेहाबाद ने शिकायत में बताया कि 23 अगस्त की दोपहर को आरोपी अरुण पुत्र सुभाष, विनोद पुत्र रिसाल, अमनदीप कौर, सानिया, मोहिता सहित अन्य लोग डंडों के साथ उनके घर में जबरदस्ती घुसे। आरोपियों ने जातिसूचक गालियां देते हुए पीड़िता, उसकी पुत्रवधु पूजा और पुत्री पुनम पर हमला किया और घर का सामान बाहर फेंककर तोडफ़ोड़ की। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई। घटना के बाद घायलों को नागरिक अस्पताल फतेहाबाद में भर्ती कराया गया। पीड़िता और अन्य परिजनों के बयानों के आधार पर पुलिस ने गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया। इस मामले में पुलिस ने पांचवें आरोपी रविन्द्र उर्फ आशु को काबू कर जेल भेज दिया है।

# रिटायर्ड कर्मचारी संघ ब्लॉक नागपुर की मासिक बैठक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

रिटायर्ड कर्मचारी संघ ब्लॉक नागपुर की मासिक सभा जगजीत सिंह जोहल, ब्लॉक प्रधान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन राजकुमार हड़ोली, ब्लॉक सचिव द्वारा किया गया। सभा में जिला प्रधान भोला सिंह नागपुर ने विशेष तौर पर भाग लिया। बैठक में 17 दिसंबर को उपायुक्त कार्यालय पर किए जाने वाले प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। कर्मचारियों ने आठवें वेतन आयोग के अंदर डीए को मूल रूप मूल वेतन में शामिल ना करने पर नाराजगी जताई और आशंका जाहिर की कि ऐसा न करने पर कर्मचारियों को आठवें वेतन आयोग का महंगाई की दर के हिसाब से लाभ नहीं होगा। रिटायर्ड कर्मचारियों ने सरकार से मांग की कि वेतन आयोग की रिपोर्ट में मौजूदा डीए को बेसिक सैलरी में जोडक़र वेतनमान संशोधित किया जाए। इसके इलावा 65, 70 वर्ष की आयु पर 10 प्रतिशत और 75 -80 वर्ष की आयु पर 20 प्रतिशत की वेतन में बढ़ोतरी की जाए। कैशलेस मेडिकल सुविधा बिना शर्त लागू हो व कॉम्प्यूटेशन की रिकवरी 10 वर्ष 8 महीने में बंद की जाए। बैठक में जयवीर नागपुर, मास्टर गमदूर सिंह, लक्ष्मण सिंह, बेगराज, सुरेश चंद, देवराज हडोली, हरबंस सिंह आदि ने भाग लिया।

**शुभारंभ** सरकार जिले में तेजी से करवा रही विकास कार्य : सुभाष बराला

# टोहाना में मशीनों से होगी सीवरेज की सफाई, सांसद ने जनता को किया समर्पित

जाखल और टोहाना के जनप्रतिनिधियों से की मुलाकात, दैनिक यात्री रेल एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद/टोहाना



टोहाना। सांसद सुभाष बराला को ज्ञापन सौंपते दैनिक यात्री रेल एसोसिएशन जाखल का प्रतिनिधिमंडल। फोटो : हरिभूमि

रविवार को राज्यसभा सांसद सुभाष बराला से उनके आवास पर जाखल एवं टोहाना क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, विभिन्न सामाजिक संगठनों और विभागीय अधिकारियों ने भेंट कर क्षेत्र के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की।

जाखल मार्केट कमेटी के नवनियुक्त चेयरमैन जगजीत सिंह नेडल और वाइस चेयरमैन कृष्ण कंवल सिंगला ने राज्यसभा सांसद बराला से शिष्टाचार भेंट की। दोनों पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि वे मंडी व्यवस्था को आधुनिक, पारदर्शी और किसान हित में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। उन्होंने कहा कि सांसद के मार्गदर्शन में जाखल मंडी को एक आदर्श मंडी के रूप में स्थापित करने के हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

दैनिक यात्री रेल एसोसिएशन जाखल के प्रतिनिधिमंडल ने सांसद को यात्री समस्याओं और मांगों से संबंधित एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। एसोसिएशन ने ट्रेन समय-सारणी में सुधार, यात्रियों की सुरक्षा, स्टेशन सुविधाओं के विस्तार और रूट संशोधन जैसे विषयों को प्रमुखता से उठाया। सांसद बराला ने आश्वासन दिया कि इन मुद्दों पर रेलवे विभाग के साथ समन्वय बनाते हुए आवश्यक कार्रवाई को प्राथमिकता दी जाएगी।

### मांगों के समाधान पर आभार जताया

वहीं, टोहाना एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने अपनी 13 प्रमुख मांगों के समाधान करवाने पर सांसद सुभाष बराला के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इन मांगों के पूरा होने से शहर की आधारभूत सुविधाओं, सडक़ व्यवस्थाओं और जनसुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, जिससे आम नागरिकों को प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है। क्षेत्र की आवश्यक सेवाओं को और भी प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सांसद सुभाष बराला ने पब्लिक हेल्थ इंजीनियरिंग विभाग की नई अत्याधुनिक सीवरेज सफाई मशीनों को हरी झंडी दिखाकर सेवा में समर्पित किया। इन मशीनों के जुडऩे से टोहाना कस्बों में सीवरेज सफाई और रख-रखाव का कार्य अधिक तेज, सुरक्षित और व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सकेगा। इस अवसर पर सांसद सुभाष बराला ने कहा कि क्षेत्र की जनता की भावनाओं का सम्मान करना और हर समस्या का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना हमारा संकल्प है। जनसुनवाई, सतत संवाद और प्रशासनिक समन्वय के माध्यम से हम विकास कार्यों को और अधिक गति देंगे। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और प्रशासनिक अधिकारियों से आह्वान किया कि सामूहिक प्रयास ही क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की कुंजी हैं।

# श्री श्याम मंदिर का वार्षिक महोत्सव 14 को मनेगा

- दिल्ली से मंगवाए 400 किलो फूलों से महकेगा श्री श्याम दरबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। मंदिर में सजा श्री श्याम दरबार। फोटो : हरिभूमि

पुरानी तहसील चौक स्थित श्याम मंदिर के वार्षिक महोत्सव के उपलक्ष्य में विशाल संकीर्तन 14 दिसंबर को श्रीराम सेवा समिति चिल्ली वाली धर्मशाला में बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया जाएगा। महोत्सव को लेकर मंदिर को आकर्षक फूलों से सजाया जा रहा है। बाबा श्याम का 400 किलोग्राम फूलों से विशेष श्रृंगार किया जा रहा है। संकीर्तन में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी। मंदिर कमेटी के पदाधिकारी भीम सैन असीजा ने बताया कि श्रृंगार के लिए दिल्ली से खासतौर पर ऑर्किड, गुलाब, गोदावरी, बैजन्ती और रुद्राक्ष के फूल मंगवाए गए है। इन फूलों से बाबा श्याम का दरबार को विशेष रूप से तैयार किया जा रहा है। भगवान के वस्त्र भी विशेष ऑर्डर पर पानीपत से मंगवाए गए है। मंदिर कमेटी के सदस्य डॉ. पवन हंस ने कहा कि वार्षिक महोत्सव के उपलक्ष्य में 10 से 12 दिसंबर तक मंदिर परिसर में प्रतिदिन कथा का आयोजन किया जाएगा। इसमें वृंदावन से भगवताचार्य कामोद मिश्र अपनी मुखारविंद से कथा वाचन करेंगे। रविवार 14 दिसंबर को सांय 5 बजे चिल्ली वाली धर्मशाला में विशाल संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। इसमें प्रसिद्ध भजन वाचक यूपी से हरमिन्द्र सिंह रोमी श्री श्याम भजनों की बरसात करेंगे। समारोह में मुख्य अतिथि फतेहाबाद के पूर्व एसडीएम अशोक वशिष्ट की धर्मपत्नी निर्मला देवी होंगी। अध्यक्षता अग्रवाल सभा के संरक्षक देवीदयाल तायल व ज्योति प्रचंड शारदा बंसल करेंगी। समारोह में रामसेवा समिति के प्रधान धर्मपाल बुढलाडिया, कोषाध्यक्ष शिव कुमार सर्राफ, अशोक गर्ग, राधाकृष्ण नारंग अति विशिष्ट अतिथि होंगे।